# नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर

(म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 के अधीन रजिस्ट्रीकृत)
प्रधान कार्यालय – 73, गोविन्दपुरी, विश्वविद्यालय मार्ग, ग्वालियर – 474011
फोन : 0751- 2371603, 4923201 Email : www.nsbho@nsbgwalior.bank.in

सहकारः कार्यसाधकः

25–08–2026

मुख्या0 / 2026–2027 / 48 / 313

प्रति,

बैंक की वेबसाईट WWW.nsbgwalior.bank.in हेतु

विषय –साधारण सभा कार्यवाही (कार्यवृत्त) विवरण छपाई हेतु कोटेशन।

महोदय,

विषयान्तर्गत लेख है कि बैंक को वार्षिक साधारण सभा का कार्यवाही विवरण (कार्यवृत्त) संख्या लगभग 11308 छपवाना है। छपाई संबंधी विवरण नीचे अंकित है। नीचे लिखी शर्तो अन्तर्गत छपाई कार्य हेतु सीलबन्द कोटेशन आंमत्रित किये जाते है –

| छपाई संबंधी विवरण | कुल संख्या |
|---|---|
| – साईज A-4<br>– कुल पृष्ठ – 4,<br>– एक रंग की छपाई,<br>– कागज –80 ग्राम मैपलिथो,<br>– फोल्डिंग, पिनिंग पते के स्टीकर चिपकाना,<br>– डाक टिकिट चिपकाना व डाक हेतु तैयार करना (संलग्न नमूना अनुसार) | 11308 |

शर्ते :–

1 – कोटेशन के साथ कागज का नमूना संलग्न करना होगा।
2 – छपाई कार्य आदेश के 7 दिवस में छपाई कार्य पूर्ण करना होगा।
3 – कोटेशन समस्त व्यय यथा–पैकिंग, फॉरवर्डिंग, भाड़ा कर आदि सहित हो, कोटेशन के अतिरिक्त अन्य कोई व्यय स्वीकार्य नहीं होगा। इस हेतु कोई अग्रिम नहीं दिया जावेगा।
4 – सदस्यों के पते के स्टीकर हेतु गमशीट आपको देना होगी।
5 – कोटेशन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का बैंक को अधिकार होगा।
6 – सील बंद कोटेशन दिनांक 02-09-2026 बुधवार को दोपहर 4 बजे तक बैंक कार्यालय में जमा हो जाना चाहिए।

संलग्न – छपाई नमूना।

नागरिक सहकारी बैंक मर्या. प्रधान कार्यालय ग्वालियर

महाप्रबंधक
नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर
प्रधान कार्यालय – 73, गोविन्दपुरी, वि.वि. मार्ग, ग्वालियर

**नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर**
प्रधान कार्यालय-73, गोविन्दपुरी, विश्वविद्यालय मार्ग, ग्वालियर-474011
(म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 के अधीन रजिस्ट्रीकृत)
पंजीयन क्रमांक भोपाल/मुख्यालय/160 दिनांक 28-07-78

**पुस्त प्रेष्य**

**मुद्रित सामग्री**

दिनांक :– 15 सितम्बर 2025

क्रमांक मुख्या. / सा. सभा / 2025–2026 / 1–11095

प्रति,

**विषय :- बैंक की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 23 अगस्त 2025 का कार्यवाही विवरण।**

महोदय/महोदया,

बैंक की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 23 अगस्त, 2025 को सम्पन्न हुई। म. प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 49(एक) (9ख) एवं नियम 38 (3) के पालन में साधारण सभा का कार्यवाही विवरण संलग्न कर आपकी ओर सूचनार्थ प्रेषित है।

संलग्न :–उपरोक्तानुसार

भवदीय,

**(दीपक कुमार हीरानी)** — महाप्रबंधक

**(सतीश कुमार अग्रवाल)** — प्रबंध संचालक

नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर

# नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर

प्रधान कार्यालय-73, गोविन्दपुरी, विश्वविद्यालय मार्ग, ग्वालियर-474011

## वार्षिक साधारण सभा

## दिनांक 23 अगस्त 2025

## कार्यवाही विवरण

नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर की 48 वीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 23 अगस्त 2025, शनिवार को निर्धारित समय दोपहर 4.00 बजे "भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान" (I.I.T.T.M.) सभागार, वि0 वि0 मार्ग, सिटी सेन्टर, ग्वालियर में आयोजित की गई। जिसमें सम्मानीय सदस्यगण उपस्थित हुऐ।

वार्षिक साधारण सभा में सदस्यों की गणपूर्ति सुनिश्चित करने के बाद बैंक अध्यक्ष एवं उपस्थित समस्त संचालकों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन किया गया। बैंक अध्यक्ष श्री अतुल अधौलिया की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ की गई। अध्यक्ष द्वारा सभा में उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया तत्पश्चात् सभा की प्रकाशित कार्य–सूची पर विषय वार कार्यवाही आरम्भ होकर निर्णय लिये गये, जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

**विषय क्रमांक : (1) – वार्षिक प्रतिवेदन :–**

अध्यक्ष महोदय द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन का सभा के समक्ष वाचन किया गया।

**निर्णय कमांक : (1)** "नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर की साधारण सभा सर्वसम्मति से अध्यक्ष द्वारा पठित वार्षिक प्रतिवेदन को पारित करती है।"

**विषय क्रमांक : (2) – वर्ष 2024–2025 के वित्तीय पत्रकों को स्वीकार करना :–**

साधारण सभा में सदस्यों को उपलब्ध कराये गये वर्ष 2024–2025 के लाभ हानि पत्रक, स्थिति विवरण पत्रक सभा के समक्ष स्वीकार करने हेतु प्रस्तुत किये गये।

**निर्णय कमांक : (2)** "आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाऐं म0प्र0 भोपाल एवं भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों को ध्यान में रखकर बैंक के वैधानिक अंकेक्षक मेसर्स डागा अरूण एण्ड कम्पंनी (FRN-006581C) के द्वारा बैंक के लेखा वर्ष 2024–2025 के वित्तीय पत्रको का ऑडिट किया गया एवं उक्त सी0ए0 फर्म के द्वारा बैंक के वित्तीय पत्रकों के संबंध में एम0ओ0सी0(memorandum of changes) जारी की। एम0ओ0सी0 के समायोजन के पश्चात् वित्तीय पत्रक (after MoC) तैयार किये गये, जो आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाऐं म0प्र0 भोपाल द्वारा दिनांक 27.06.2025 को पारित किये गये हैं।

नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर की यह साधारण सभा वर्ष 2024–2025 के MOC पश्चात् तैयार लाभ–हानि खाता एवं दिनांक 31 मार्च, 2025 का स्थिति विवरण पत्रक सर्वसम्मति से अंगीकार करती है।"

**विषय क्रमांक : (3) – वर्ष 2024–2025 के अंकेक्षण प्रतिवेदन पर विचार :–**

बैंक का अंकेक्षण प्रतिवेदन वर्ष 2024–2025 आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाऐं, म0प्र0 भोपाल से दिनांक 27.06.2025 को पारित हुआ, पारित अंकेक्षण प्रतिवेदन की प्रति सभा के समक्ष अवलोकनार्थ एवं जानकारी हेतु रखी गयी।

**निर्णय कमांक : (3)** "बैंक का वर्ष 2024–2025 का अंकेक्षण प्रतिवेदन आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाऐं, म0प्र0 भोपाल के पत्र क्रमांक/अंके/01/2025/409 भोपाल दिनांक 27.06.2025 के माध्यम से पारित होकर बैंक को प्राप्त हो चुका है। बैंक को "अ" श्रेणी प्रदान की गई है। उक्त अंकेक्षण प्रतिवेदन वर्ष 2024–2025 को साधारण सभा के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया। तदनुसार साधारण सभा के सदस्य वर्ष 2024–25 के अंकेक्षण प्रतिवेदन से अवगत हुऐ।"

**विषय क्रमांक : (4) – वर्ष 2024–2025 के लाभ विभाजन पर विचार :–**

बैंक संचालक मण्डल द्वारा अनुशंषित वर्ष 2024–2025 के बैंक के शुद्ध लाभ रूपये **3,16,60,380.52** के विभाजन सम्बन्धी प्रस्ताव को सभा के समक्ष विचारार्थ रखा, और लाभ विभाजन की मदवार विस्तृत जानकारी सभा के समक्ष निर्णय हेतु रखी।

क्रमशः

**निर्णय क्रमांक : (4)** "नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर की यह साधारण सभा संचालक मण्डल द्वारा अनुशंषित वर्ष 2024–2025 के बैंक के शुद्ध लाभ रूपये 3,16,60,380.52 के निम्नानुसार मदवार विभाजन को सर्वसम्मति से पारित करती है :–

| स.क्र. | नाम मद | प्रस्तावित राशि रू. |
|---|---|---|
| 1 | रक्षित निधि(न्यूनतम 25%) | 79,16,000.00 |
| 2 | डूबंत एवं संदिग्ध ऋण निधि(न्यूनतम 5%) | 15,86,000.00 |
| 3 | प्रशिक्षण निधि[(धारा 43 क(1–क)](न्यूनतम 2%) | 6,34,000.00 |
| 4 | राज्य संघ अंशदान(न्यूनतम 2%) | 6,34,000.00 |
| 5 | विनियोजन उतार–चढ़ाव प्रारक्षित निधि(I.F.R.) | 28,86,798.52 |
| 6 | विघुत फिटिंग फण्ड | 2,00,000.00 |
| 7 | स्वर्ण जयंती समारोह निधि | 5,00,000.00 |
| 8 | Reserve fund for MOC | 15,00,000.00 |
| 9 | भवन निधि | 40,00,000.00 |
| 10 | लाभांश (@14%की दर से) | 1,18,03,582.00 |
| | **योग रूपये –** | **3,16,60,380.52** |

उपरोक्त लाभ विभाजन अनुसार सदस्यों को अंशपूंजी पर 14% की दर से लाभांश राशि वितरित की जावे।

**विषय क्रमांक : (5) – वर्ष 2026–2027 हेतु प्रस्तावित वार्षिक बजट की स्वीकृति :–** बैंक संचालक मण्डल द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–2027 के लिये अनुशंषित बजट प्रस्ताव को सभा के समक्ष, विचारार्थ एवं स्वीकृती हेतु प्रस्तुत किया, सभा द्वारा विचारोपरांत निम्नानुसार निर्णय लिया गया :–

**निर्णय क्रमांक : (5)** "नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर की यह साधारण सभा संचालक मण्डल द्वारा वर्ष 2026–2027 हेतु अनुशंषित वार्षिक बजट को सर्वसम्मति से यथावत् पारित करती है।"

**विषय क्रमांक : (6) – बैंक की पंजीकृत उपविधि क्रमांक (3) "कार्यक्षेत्र" में संशोधन पर विचार :–**

बैंक का वर्तमान कार्यक्षेत्र ग्वालियर जिले और उससे लगे हुए समस्त जिलों मुरैना, भिण्ड, दतिया और शिवपुरी जिले तक सीमिति है। भविष्य की योजनाओं को दृष्टिगत रखते हुए बैंक के कार्यक्षेत्र को सम्पूर्ण मध्यप्रदेश किये जाने का प्रस्ताव सभा के समक्ष विचारार्थ एवं स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया, सभा द्वारा विचारोपरांत निम्नानुसार निर्णय लिया गया :–

**निर्णय क्रमांक : (6)** नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर की यह सभा बैंक की पंजीकृत उपविधि क्रमांक (3) "कार्यक्षेत्र" में संशोधन किये जाने की अनुमति प्रदान करती है। उपविधि संशोधन पंजीकृत करने संबंधी प्रस्ताव उचित माध्यम से पंजीयक सहकारी संस्थाऐं, म0 प्र0 भोपाल को भेजा जावे।

**विषय क्रमांक : (7) –** वर्ष 2024–25 में "संचालक बैठक एवं यात्रा भत्ता, CBS/ATM Establishment Exp,Contract Basis Services/Clearing Exp, NPCI/IMPS UPI Charges, GOI Security Sals Loss, Gold Testing Fees Exp. में स्वीकृत बजट से अधिक हुये व्यय कुल रू. 20.45 लाख की अतिरिक्त स्वीकृती हेतु प्रकरण प्रस्तुत किया, सभा द्वारा विचारोपरांत निम्नानुसार निर्णय लिया गया ।

**निर्णय क्रमांक : (7)** "नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर की यह साधारण सभा वर्ष 2024–2025 की अवधि में वर्ष 2024–25 में "संचालक बैठक एवं यात्रा भत्ता, CBS/ATM Establishment Exp,Contract Basis Services/Clearing Exp] NPCI/IMPS UPI Charges, GOI Security Sals Loss, Gold Testing Fees Exp. में स्वीकृत बजट से अधिक हुये व्यय कुल रू. 20.45 लाख की स्वीकृति प्रदान करती है।"

क्रमशः

**नियमित ऋण अदाकर्त्ताओं को प्रोत्साहन एवं सम्मान :-**

ऐसे ऋणी सदस्य जिन्होने बैंक से प्राप्त ऋण बिना किसी चूक के नियमित मासिक किश्तों में अदा किया है। ऐसे सदस्यों को सम्मानित करने का निश्चय संचालक मण्डल द्वारा किया गया है। अतः बैंक की शाखा – लाला का बाजार के ऋणी सदस्य श्री राजपाल सिंह तौमर, शाखा मालरोड मुरार के ऋणी सदस्य श्री पहलवान सिंह कौरव, शाखा – सिटी सेन्टर के ऋणी सदस्या श्रीमती नूतन भटनागर, शाखा – लोहामण्डी के ऋणी सदस्य श्री चिम्मन सिंह परमार एवं शाखा – शिन्दे की छावनी के ऋणी सदस्या श्रीमती पिंकी कौरव को उनके द्वारा लिये ऋण को नियमित अदा करने पर साधारण सभा में बैंक की ओर से उन्हें शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही निवेदन किया कि सभी सदस्यगण बैंक से लिये गये ऋण की नियमित अदायगी कर अपने बैंक की प्रगति में सहभागी हों तथा सम्मानित होने का अवसर प्राप्त करें।

**साइबर सुरक्षा :-**

साधारण सभा के मध्य बैंक संचालक श्री संजीव गोयल ने सदस्यों को जानकारी दी कि, बैकिंग इन्डस्ट्री में डिजिटल सुविधाएं जिस गति से बढ़ रही है उसी गति से साइबर धोखाधड़ी की घटनायें भी बढ़ रही हैं। अतः आवश्यक है कि, साइबर सुरक्षा से संबंधित बिन्दुओं को ध्यान में रखा जावे। साइबर सुरक्षा की विस्तृत जानकारी उन्होंने सभा में उपस्थित सदस्यों को दी।

अध्यक्ष महोदय द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर सभा समाप्ति की घोषणा की तत्पश्चात् राष्ट्रगीत "बंदे मातरम्" का सामूहिक गायन किया गया।

( अतुल अघौलिया )
अध्यक्ष
नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर

दिनांक :- 23 अगस्त, 2025


# बैंक की ऋण योजनाओं का लाभ उठाएँ

**कम ब्याज, आसान शर्तें, त्वरित निर्णय, न्यूनतम प्रक्रिया शुल्क एवं कोई छुपा शुल्क नहीं**

**शाखा-नया बाजार, लश्कर, ग्वालियर**
फोन: 0751-2446794, 93020-06868

**शाखा-लाला का बाजार, लश्कर, ग्वालियर**
फोन: 0751-2446791, 99262-13054

**शाखा-मालरोड, मुरार, ग्वालियर**
फोन: 0751-2446792, 89894-15452

**शाखा-सिटी सेन्टर, ग्वालियर**
फोन: 0751-2446793, 94257-09650

**शाखा-लोहामण्डी, ओल्ड ग्वालियर**
फोन: 0751-2446798, 94253-41465

**शाखा-शिन्दे की छावनी, लश्कर, ग्वालियर**
फोन: 0751-2446797, 93011-03206

**शाखा-जीवाजीगंज मुरैना**
फोन: 07532-467208, 81097-47240

**शाखा-ठाकुर बाबा रोड, डबरा**
फोन: 07524-416209, 78048-07832

